MH (P) 23

M.A. (Previous) Examination, June 2010
(SIM)
HINDI (हिन्दी) (Course – III)
Hindi Prose Drama and Fiction

Time : 3 Hours | Max. Marks : 90

सूचना : *प्रत्येक खण्ड से प्रश्नों के उत्तर दोन* ***अनिवार्य*** *हैं ।*

खण्ड –'क'

1. निम्नांकित किन्हीं **छः** अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **(5×6=30)**

1) भक्ति ह्वदय से की जाती है । बुद्धि से भक्ति करना ऐसा ही है जैसे नाक से खाना और कान से सूँघना ।

2) केवल ज्ञान बोझ है, केवल श्रद्धा अंधा बना देती है । हिन्दी के प्रति जो हमारा प्रेम है, वह भी ज्ञान द्वारा चलित और श्रद्धा द्वारा अनुगामित होना चाहिए ।

3) मेरी रानी ! ये आँखें ऐसी बुरी हैं कि जब किसीसे लगती हैं तब कितना भी छिपाओ नहीं छिपतीं ।

4) क्या तुम्हें लाज भी नहीं आती ? लोग तो सात पैर संग चलते हैं उसका जन्म भर निबाह करते हैं और तुम को नित्य की प्रीति का निबाह नहीं है ।

5) इस एक दिन में मेरा सारा जीवन समा गया। पहले जो कुछ था और बाद में जो कुछ होगा ।

6) मनुष्य प्रारब्ध के हाथ का खिलौना है । वह उसे जिधर चाहता है, उठाकर फेंक देता दै ।

7) मैं केवल यही कहना चाहती हूँ कि पुरुषों ने स्त्रियों को अपनी पशु–संपत्ति समझकर उन पर अत्याचार करने का अभ्यास बना लिया है, वह मेरे साथ चल नहीं सकता ।

8) मेरा स्त्रीत्व क्या इतने का भी अधिकारी नहीं कि अपने को स्वामी समझनेवाला पुरुष उसके लिए प्राणों का पण लगा सके ।

P.T.O.

खण्ड – 'ख'

2. किन्हीं **छः** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **(6×10=60)**

1) ''उत्साह'' निबंध की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

2) निबंध-कला की दृष्टि से ''अशोक के फूल'' निबंध की समीक्षा कीजिए।

3) चंद्रावली नाटिका में प्रतिपादित प्रेम और भक्ति के स्वरुप का विश्लेषण कीजिए।

4) एकांकी कला के आधार पर ''नये मेहमान''

अथवा

''प्रतिशोध'' एकांकी का विवेचन कीजिए।

5) 'ध्रुवस्वामिनी' के प्रमुख पात्रों का परिचय दीजिए।

6) कहानी के तत्वों के आधार पर ''शरणागत''

अथवा

''पंचलाइट'' कहानी का विवेचन कीजिए।

7) 'त्यागपत्र' में चित्रित आदर्श और यथार्थवाद पर प्रकाश डालिए।

अथवा

'तमस' की वस्तु की विशेषताओं पर विचार कीजिए।